

रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर विशालकाय पेड़ गर्मी में लोगों को राहत पहुंचा रहा है। दोपहर में यहां लोगों का झुंड लगा रहता है।

## खबर संक्षेप

### जागरूक करने स्वीप साइकिल रैली आज

**बिलासपुर।** शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान अभियान के तहत लोगों को मतदान का संदेश देने जिला प्रशासन द्वारा 28 अप्रैल रविवार को सुबह 6.30 बजे स्वीप साइकिल रैली आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने शहर के लोगों से स्वीप साइकिल रैली में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की है। स्वीप साइकिल रैली आत्मानंद स्कूल प्रताप चौक से शुरू होकर देवकीनंदन चौक, कोतवाली चौक, गांधी चौक, शिव टॉकीज चौक, पुराना बस स्टैण्ड, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक, अम्बेडकर चौक और पुलिस पेट्रोल पंप से होते हुए स्व.लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में समाप्त होगी।

### तनाव दूर करने फेसबुक लाइव पर कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव दूर करने कलेक्टर अवनीश शरण ने बालकों व पालकों के दक्षता विकास के लिए ऑनलाइन फेसबुक लाइव कार्यक्रम का आयोजन किया है। ये कार्यक्रम 28 मई को सुबह 11 बजे वेबीनार के द्वारा शुरू होगा। इसमें जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों ऑनलाइन जुड़ सकेंगे। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों एवं उनके पालकों के मानसिक तनाव को दूर करने कलेक्टर, एसपी सहित जिला के अधिकारियों, मनोचिकित्सकों एवं मोटिवेटरों के द्वारा 29 अप्रैल से 5 मई तक सुबह 9 बजे से 9.30 बजे एवं शाम 5 बजे से शाम 5.30 बजे तक जिला प्रशासन बिलासपुर के अधिकारिक फेसबुक पेज द्वारा बच्चों एवं पालकों से सीधा संवाद किया जाएगा। इसमें जिला प्रशासन के फेसबुक लाइव लिंक तथा फेसबुक पेज से पालक, बच्चे एवं शिक्षक सीधे जुड़ सकते हैं।

### सीयूईटी यूजीः 15 से 24 मई तक होगी परीक्षा

**बिलासपुर।** कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट(सीयूईटी) यूजी-2024 की परीक्षा मई में आयोजित की जाएगी। इसके लिए डेटशीट जारी की गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) कि ओर से यह परीक्षा 15 मई से 24 मई तक आयोजित की जाएगी। इस बार परीक्षा के लिए 13.48 लाख से ज्यादा छात्रों ने फॉर्म भरा है। इसके लिए पिछले दिनों आवेदन मंगाए गए थे। इस बार परीक्षा हाइब्रिड मोड में होगी।

### एसआई के खिलाफ जांच खत्म करने का आदेश

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने पुलिस सब इंस्पेक्टर के खिलाफ 15 सालों से जारी विभागीय जांच को खत्म करने का आदेश दिया है। फिरंगीपारा, करगीरोड निवासी संतोष यादव वर्ष 2009 में पुलिस थाना तखतपुर, जिला-बिलासपुर में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ थे। उस दौरान एक अपराध की विवेचना में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस महानिरीक्षक ने उनके विरूद्ध विभागीय जांच कार्यवाही प्रारंभ की गई। जांच के लंबित रहने के दौरान 30 सितम्बर 2021 को वे सेवानिवृत्त हो गए। जांच का हवाला देते हुए उनके पेंशन एवं ग्रेच्युटी राशि का भुगतान रोक दिया गया। इससे संतोष यादव ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी बिलासपुर से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट ने कहा कि चूंकि जिस मामले की विवेचना में लापरवाही के आरोप में याचिकाकर्ता के विरूद्ध विभागीय जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी वह आपराधिक मामला सक्षम न्यायालय द्वारा पूर्व में ही नस्तीबद्ध किया जा चुका है। इस आधार पर आईजी बिलासपुर द्वारा याचिकाकर्ता के विरूद्ध संचालित विभागीय जांच को नस्तीबद्ध (समाप्त) किया जाए।

# किराना दुकानों में बेच रहे सैकड़ों क्विंटल पीडीएस का चावल गोदाम में खाली बोरियां पड़ीं, हितग्राहियों को दे रहे नकद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गरीबों को मिलने वाला सरकारी चावल किराना दुकानों और बाजार में बिक रहा है। हरिभूमि ने शहर की कुछ राशन दुकानों में इसकी पड़ताल की तो पाया कि रिकार्ड में तो सैकड़ों क्विंटल चावल दिख रहा है लेकिन मौके पर खाली बोरी पड़ी है। जबड़ापारा, तालापारा, मगरपारा से लेकर सरकंडा, स्मार्ट सिटी सड़क स्थित दुकान और दयालबंद की दुकानों में पीडीएस दुकानों में सरकारी चावल की बड़ी तादाद में अफरा-तफरी हो रही। दुकान खाली है और हितग्राही लौट रहे हैं। लड़के खाली दुकान में बैठकर ताश खेल रहे हैं। जानकारी और ली गई तो मालूम पड़ा कि जबड़ापारा का किराना दुकान, शनिचरी स्थित राशन के थोक व्यापारी, व्यापार विहार के थोक व्यापारी के साथ ही बुधवारी और बिल्हा में यह पीडीएस का चावल खुलेआम बेचा जा रहा है। राइस मिलों में भी इसकी जमकर रिसाइक्लिंग हो रही है।

- हरिभूमि ने की शहर की कुछ राशन दुकानों में पड़ताल
- राइस मिलों में भी इसकी जमकर रिसाइक्लिंग हो रही

सरकार का चावल वितरण गरीबों के लिए है लेकिन यह बाजार में अधिक दिखाई पड़ रहा है। पीडीएस दुकान संचालक इसे किराना दुकान वालों को बेच देता है तो किराना वाले इसे राइस मिलर्स के पास बिक्री कर देतें हैं। यह सिस्टम किसी एक दुकान की नहीं है बल्कि हर दुकानों में यही ढर्रा चल रहा है। इस सरकारी चावल की राइस मिलों में रिसाइक्लिंग हो रही है। जिस सोसायटी में चावल का वितरण हो रहा है वही सोसायटी संचालक इसकी बिक्री थोक में राइस मिलर्स के पास कर रहा है।

### पूछा जा रहा पैसे लोगे या चावल

कुछ राशन दुकानों में दलालों की फौज भी देखी गई। जो ग्राहकों को अधिक रकम का प्रलोभन देकर उसका राशन राशन खरीदने की बात कर रहे थे। जबड़ापारा की दुकान में तो राशन दुकान के संचालकों द्वारा ही थंब लगाते वक्त पूछा जा रहा था कि आप चावल लेंगे या पैसे। ग्राहक भी अधिक रकम की लालच में यही जवाब दे रहे थे कि हम पैसे लेंगे। अधिकांश एपीएल कार्डधारी 10 रुपए के चावल को 20 रुपए से 22 रुपए में दुकानों में ही बिक्री कर दे रहे थे। बीपीएल कार्डधारियों को एक रुपए की जगह 12 से 14 रुपए तक का आफर दिया जा रहा था। यही नहीं जानकारी मिली कि कई कार्डधारियों द्वारा राशन दुकान से चावल उठाकर किराना दुकानों में बेचने की जानकारी भी मिली। किराना दुकान वाले राइस मिलर्स के पास इसे बेच देते हैं। राइस मिलर्स इसे फिर से पीडीएस के रूप में सरकार के पास बिक्री कर देता है। इससे उसे मिलिंग चार्ज के अलावा अन्य कई तरह के खर्चे की बचत हो जाती है।

### उरतुम दुकान को एसडीएम का नोटिस

इसी तरह उर्तुम क्षेत्र की सेवा सहकारी समिति दुकान आईडी 402001078 में राशन की गड़बड़ी के मामले में एसडीएम बिलासपुर ने नोटिस जारी किया है। इसमें गांव वालों ने खाद्य विभाग और प्रशासन से शिकायत की थी। इसमें कहा गया है कि हर महीने कई हितग्राहियों को चावल नहीं दिया जा रहा है। खाद्य विभाग की जांच में भी बात सामने आई कि दुकान में 250.74 क्विंटल चावल, 3.28 क्विंटल नमक और 1.54 क्विंटल शक्कर कम पाया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेन्द्र गौरहा के अनुसार यह खाद्य सामग्री बाजार में बेची जा रही है।



### नियम का उल्लंघन

राशन दुकानों में चावल के रिकार्ड में अंतर की बात सामने आई थी। खाद्य विभाग के माध्यम से स्टाक का वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। दुकानों में शार्टेज की भरपाई अब दुकान संचालकों को करने कहा जा रहा है। जहां तक बात पीडीएस चावल के बाजार में बेचे जाने की है तो यह अपराध की श्रेणी में आता है। पीडीएस का चावल खरीदना तो अपराध है, कार्डधारी द्वारा खरीद कर बेचना भी अपराध की श्रेणी में आता है। पीडीएस कंट्रोल ऑर्डर 2016 में चावल देने का उद्देश्य है कि उपभोक्ता उसका उपयोग खाने के लिए करेगा। बेचना नियम का उल्लंघन है, इसलिए वह अपराधी माना जाएगा।

\- **अनुराग सिंह भदौरिया,** खाद्य नियंत्रक

### ये है दुकानों की हालत

तालापारा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान अंबेडकर प्राथमिक उपभोक्ता भंडार के नाम से हैं। आनलाइन स्टाक रजिस्टर के अनुसार यहां 400 बोरी मतलब कि 200 क्विंटल चावल होना चाहिए लेकिन दुकान के गोदाम में खाद्यान्न शून्य है। कुछ खाली बोरियां जरूर पड़ी है। हरिभूमि की टीम यहां पहुंची तो कुछ लड़के दुकान में ताश खेलते दिखाई दिए। राशन लेने पहुंचे कुछ हितग्राहियों और राशन कार्डधारियों को चावल के बदले पैसे देकर भेजने की भी जानकारी मिली। इसी तरह मिट्टी तेल गली वाली स्मार्ट रोड में मां अन्नपूर्णा खाद्य सुरक्षा एवं पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति की दुकान है। यहां आनलाइन स्टाक रजिस्टर के अनुसार यहां 300 बोरी मतलब कि 150 क्विंटल चावल होना चाहिए लेकिन दुकान के गोदाम में खाद्यान्न शून्य है। खास बात है कि इन दोनों दुकानों में एक साथ दो महीने का चावल नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से जारी किया जा चुका है, लेकिन दुकान में खाद्यान्न नहीं है। साफ है यह चावल बाजार में बेचा जा रहा है।

## नूतन चौक में ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की जगह पर दुकान बनाकर बेच दिया

# नक्शे के विपरीत अवैध निर्माण, नगर निगम ने 6 दुकानों पर चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकंडा नूतन चौक स्थित 6 दुकानों को जमींदोज कर दिया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे पहले पुलिस बल की उपस्थिति में दुकान वाली जमीन का सीमांकन कराया गया, उसके बाद नगर निगम अमला द्वारा नक्शा के विपरीत अवैध रूप से निर्मित दुकानों को बुलडोजर से ढहा दिया गया।

सरकंडा क्षेत्र के नूतन चौक स्थित काम्पलेक्स में स्वीकृत नक्शा के विपरीत अवैध रूप से दुकानों का निर्माण का मामला पिछले कुछ दिनों से चल रहा था। नगर निगम की टीम इससे पहले भी इन दुकानों को तोड़ने पहुंची थी, किन्तु मामला हाईकोर्ट में होने के कारण निगम की टीम को वापस लौटना पड़ा था, लेकिन आज निगम की टीम द्वारा पहले दुकान वाली जगह का पहले सीमांकन कराया गया, उसके बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। नूतन चौक स्थित जमीन में हरीश राठौर नामक व्यक्ति द्वारा 2377 वर्गफीट आबंटित जमीन में तीन फ्लोर का नक्शा का पास कराया गया था। इसमें ग्राउंड फ्लोर पर 123 वर्गमीटर में पार्किंग और प्रथम तथा द्वितीय तल में आफिस था पर हरीश राठौर द्वारा पार्किंग के लिए आरक्षित ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों का निर्माण कराकर तीन अन्य लोगों को बेच दिया गया था। अवैध निर्माण के मामले में पूर्व में नगर निगम ने नोटिस भी जारी किया था, जिस पर हरीश राठौर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। हाईकोर्ट ने उक्त याचिका में 21 दिनों के भीतर अवैध निर्माण स्वयं से हटाने या नक्शे के अनुसार संशोधन के निर्देश दिए थे। 21 दिनों बीत जाने के बाद भी निर्माणकर्ता द्वारा कोई निर्माण में संशोधन या हटाया नहीं गया। इस दौरान दुकान के क्रेता द्वारा हाईकोर्ट में दुकान को लेकर याचिका लगाई गई। इसमें हाईकोर्ट ने दो दिनों के भीतर मामले के निराकरण के निर्देश देते हुए सीमांकन करने और सीमांकन के परिणाम के अनुरूप कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे निगम की टीम मौके पर पहुंची और दुकान वाली जमीन का नाप-जोख, सीमांकन पहले की और नाप-जोख में पार्किंग वाली भूमि पर अवैध निर्माण पाए जाने पर सुबह करीब 11 बजे पुलिस बल की उपस्थिति में निगम ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से 6 दुकानों को ढहा दिया।

**सुबह पहले नाप-जोख के बाद शुरू हुई तोड़फोड़ कार्रवाई**



शनिवार को सरकंडा नूतन चौक स्थित अवैध निर्माण कर बनाई गई 6 दुकानों को बुलडोजर से तोड़ती निगम की टीम।

### इन तीन लोगों को बेची गई थीं दुकान

नगर निगम द्वारा द्वारा हरीश राठौर को ग्राउंड पर स्टील्ट पार्किंग 123 वर्गमीटर, प्रथम तल पर 91 वर्गमीटर आफिस द्वितीय तल पर 91 वर्गमीटर आफिस निर्माण की अनुमति दी गई थी। जिसे हरीश राठौर द्वारा राजीव कश्यप को 270 वर्गफीट दुकान के रूप में राजीव कश्यप, शिबूदास विश्वास एवं श्रीमती शारदा देवांगन को दुकान के रूप में बेचा गया था। दुकान के मामले को लेकर हरीश राठौर के बाद दुकान खरीददार राजीव कश्यप भी हाईकोर्ट गया था और उसी के मामले में हाईकोर्ट ने सीमांकन के निर्देश दिए थे।

### सिटी बस स्टाप को तोड़कर बनाया गया था काम्पलेक्स

पूर्व कांग्रेस सरकार के समय नूतन चौक में जमीन की बंदरबांट का आरोप लगाते हुए युवा भाजपाईयों ने आंदोलन भी किया था। जहां पर यह दुकान बनी थी वह पर पहले आटो स्टैंड था फिर बाद में सिटी बस स्टाप बनाया गया था, जिसे तोड़कर काम्पलेक्स बनाए जाने का काफी विरोध भी हुआ था। दुकान निर्माण को लेकर वहां पर कई बार विवाद, हंगामा भी हुआ था और सरकंडा क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने इसका विरोध किया था।

### की गई कार्रवाई

नूतन चौक पर स्वीकृत नक्शा के विपरीत दुकान का निर्माण कराया गया था। पार्किंग वाली जगह पर दुकान बनाकर बेची गई थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने आवेदक को स्वयं नक्शा के अनुरूप 21 दिनों के भीतर निर्माण ठीक कर लेने कहा था जो कि नहीं किया गया। इसके अलावा एक दुकान खरीददार ने भी हाईकोर्ट में मामला लगाया था, जिस पर हाईकोर्ट ने सीमांकन करने का निर्देश दिया था। इसलिए आज सीमांकन के बाद अवैध निर्माण को तोड़ा गया है।

\- **सुरेश शर्मा**
भवन अधिकारी, नगर निगम

**खपरगंज कोसा पाइंट में हुई वारदात**



# कार में आई 5 महिलाएं 10 मिनट में 1.50 लाख की साड़ियां कर ली चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इनोवा में ग्राहक बनकर पहुंचीं 5 महिलाओं ने दुकान संचालिका व कर्मचारियों को बातों में उलझाकर 30 कोसा की साड़ियों की चोरी कर ली, इसकी कीमत डेढ़ लाख रुपए है। उसके बाद साथ एक युवक के लिए 1700 रुपए का कुर्ता पैजामा खरीदा और आसानी से इनोवा में बैठकर रफूचक्कर हो गए। दूसरे दिन भी पुलिस इनोवा सवार महिलाओं का सुराग नहीं लगा पाई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, खरंगज लाला लाजपत राय स्कूल के पास स्थित कोसा पाइंट की संचालिका श्रीमती उमा अग्रवाल पति स्व. संजीव अग्रवाल शुक्रवार को दुकान में बैठी हुई थीं। शाम 7.22 बजे बिना नम्बर की स्लेटी कलर की इनोवा में सवार 5 महिलाएं, 1 व्यक्ति नीचे उतरकर उनकी दुकान के अंदर आए। दुकान का कर्मचारी उन्हें साड़ी दिखाने लगा। संचालिका दूसरे ग्राहकों को पकड़ा दिखा रही थीं। कर्मचारी महिलाओं को साड़ी खोलकर दिखा रहा था। 10 मिनट के बाद 7.32 मिनट पर महिलाएं साड़ी पसंद नहीं आ रही कहते हुए उनके साथ गए व्यक्ति के लिए कुर्ता पैजामा देखने लगीं, फिर 1700 रुपए कुर्ता पैजामा खरीदकर इनोवा में बैठकर रफूचक्कर हो गईं। सामान समेटने के दौरान पता चला डेढ़ लाख की 30 कोसा की साड़ियां चोरी हो गई हैं। इससे दुकान में हड़कंप मच गया। श्रीमती अग्रवाल ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरे दिन भी पुलिस चोरी करने वाली महिलाओं का सुराग नहीं लगा पाई है।

### दक्षिण भाषी थीं महिलाएं

सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर 7.22 मिनट में इनोवा महिलाएं एक व्यक्ति के साथ गाड़ी से उतरकर दुकान के अंदर जाते दिख रही हैं। ड्राइवर इनोवा मोड़कर मध्य नगरी की ओर जाते दिख रहा है, इसी तरह 7.32 बजे महिलाएं व उक्त व्यक्ति दुकान से निकलकर इनोवा में बैठकर सराफा दुकान की ओर जाते दिख रहे हैं। जानकारी के अनुसार सभी महिलाएं आपस में दक्षिण भारत की भाषा में बातचीत कर रही थीं।

### शनिचरी रपटा होते हुए सरकंडा भागे

पुलिस ने दुकान व आसपास का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो पता चला उक्त इनोवा सराफा मार्केट से होते हुए शनिचरी रपटा, चिंगराजपारा होते हुए सरकण्डा मुख्य मार्ग में जाते दिखाई दे रही है। उसके बाद इनोवा का फुटेज नहीं मिल पा रहा है। पेशेवर बाहरी महिला गिरोह के द्वारा चोरी करने की संभावना जताई जा रही है।

# आचार संहिता के चलते जवान को नहीं मिली छुट्टी, आश्रम में लगी थी ड्यूटी, परिवार को वहीं बुलाया, पहनाई वरमाला

## स्वामी शिवानंद महाराज की सुरक्षा में तैनात है सीआरपीएफ का जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आचार संहिता के चलते सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ के जवान को शादी के लिए छुट्टी नहीं मिली। ऐसे में जवान ने आचार संहिता का निर्वहन करते हुए ड्यूटी में रहकर जयमाला पहनाकर विवाह कर लिया। मामला बेहगहना क्षेत्र का है।

- वर-वधु पक्ष ने आश्रम में पहुंचकर विवाह कराया संपन्न

जांजगीर चांपा जिले के रहने वाले सीआरपीएफ के जवान सत्यप्रकाश पटेल पिता देवऋषि पटेल की शादी दीप्ती पटेल के साथ 21 अप्रैल को होनी थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी, कार्ड बंट गए थे। इस बीच लोकसभा चुनाव के लिए उनकी ड्यूटी बेलगहना में स्वामी शिवानंद महाराज की सुरक्षा में लगा दी गई। आचार संहिता के चलते सत्यप्रकाश को शादी के लिए छुट्टी नहीं मिली।



### 21 को तिथि, 26 को हुआ विवाह

सत्यप्रकाश और दीप्ती की शादी की तिथि 21 अप्रैल थी। परिजन को उम्मीद थी कि शादी के लिए सत्यप्रकाश को छुट्टी मिल जाएगी। लेकिन आचार संहिता के चलते उन्हें छुट्टी नहीं मिली। ऐसे में शादी की तिथि भी निकल गई और तैयारी भी बेकार हो गई। इस संबंध में दोनों परिवार के सदस्यों ने आपस में चर्चा की और बीच का विकल्प निकालने पर विचार किया।

### आश्रम में शादी करने का लिया फैसला

शादी की तिथि पूर्व में निर्धारित होने के कारण एवं आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए वर-वधु एवं उनके माता-पिता ने आश्रम में ही विवाह करने का निर्णय लिया। इस मांगलिक कार्य में वर-वधु के माता-पिता रिश्तेदार एवं आश्रम परिवार के सभी सदस्य उपस्थित होकर दोनों को सफल दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। आश्रम परिवार ने उनके इस कार्य को सराहनीय बताते हुए उनके जीवन की मंगलमय कामना की।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो,
मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं।



" मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मैं जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, 'आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज 'गोल' में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नहीं थी पर तब भी गोल संस्थान में हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था।"

ADMISSION OPEN

FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE

DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open

GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024

| BHILAI | BHILAI | BHILAI | RAIPUR |
|---|---|---|---|
| 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100 | GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999 | 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100 | BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 |



## आर्ट क्राफ्ट

# दिव्यांग बच्चों ने लिया योगा एरोबिक्स का प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** श्री स्पेशल केयर सेंटर तिलकनगर में दिव्यांग बच्चों के लिए 20 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों की उत्साहपूर्ण भाग लेकर योगा, एरोबिक्स एवं आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रशिक्षण लिया। संस्था की संस्थापिका डॉ सुजाता बाजपेई ने बताया कि सेंटर के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर साल समर कैंप लगाया जाता है। इसमें इन दिव्यांग बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास होने के साथ ही वे नई कलाओं को भी सीखते हैं। प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बताया कि कैंप में इस बार अन्य स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। अभिभावकों ने कैंप आयोजन को बच्चों के हित में बताया। समर कैंप में योगा आकांक्षा तिर्की, एरोबिक्स अनुश्री दांडेकर, आर्ट एंड क्राफ्ट अर्चना गोवर्धन ने सिखाया। वहीं शिक्षिका पदमा शिवलकर, आरती, नीमा, उमेश नवरंग, अर्चना तिवारी एवं चंचल शर्मा का सहयोग रहा। इनके द्वारा पूरे कैंप के दौरान बच्चों का उत्साहवर्धन किया जाता रहा।

**श्री स्पेशल केयर सेंटर तिलकनगर में 20 दिवसीय समर कैंप का आयोजन**

### इनकी रही सहभागिता

समर कैंप में आकाश सांई, अरूणिमा राय, आधार राय, रश्मि तेलंग, आकांक्षा, राजीव, पूर्वी, भूपेश, अक्षत, सलमान, धनंजय, निरव चतुर्वेदी, फरहान आलम, शलभ, मनीषा रजक, गार्गी साहू, कुशल सेठ, ईशान श्यामल की सहभागिता रही। कैंप के आखिरी दिन प्रतिभागी सभी बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

# सकारात्मक सोच के साथ बच्चों को दें अच्छी परवरिश व संस्कार, बढ़ाएं संवाद

## परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने मिलेगा निःशुल्क परामर्श

आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है।टीचरों व काऊंसलरों का कहना है कि सकारात्मक सोच के साथ बच्चों को अच्छी परवरिश, व संस्कार दें, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाएं तो बच्चे हमेशा सफल रहेंगे और उनमें चिंता जैसी कोई बात नहीं आएगी।

TOLL FREE

## माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया टोल फ्री नंबर, उठाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चिन्हांकित मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों, कैरियर सलाहकार तथा एससीईआरटी के विशेष अकादमिक सहयोग से ऑनलाईन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। जिसका वेबलिंक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, छत्तीसगढ़ के माध्यम से सर्वसंबंधित शिक्षकों को भेजा जाएगा।

### कभी न बनाएं दबाव

शिक्षिका देविका सिंह चौहान ने कहा कि बच्चों में परीक्षा को लेकर या परीक्षा के बाद परिणाम को लेकर कभी भी दबाव न बनाएं। कोई नकारात्मक बात उनसे न करें। जिससे उनका मन खराब हो। उनसे अच्छी बात करें। सब कुछ अच्छा होने की बात कहें। इससे वे टेंशन में आने एवं कोई अनहोनी कदम उठाने से भी बच जाते हैं। कम नंबर आने पर भी कोई रास्ता निकालने की बात करते रहे। परिजनों की बात का असर बच्चों पर बहुत गहरे ढंग से पड़ता है और वे निश्चिंत रहते हैं। बच्चों से संवाद बढ़ाएं। उनकी भावनाओं को समझें।



### रूचि वाले विषय लेने करें प्रोत्साहित

संस्कृति विद्यालय विनोबानगर की प्राचार्य डॉ रूमी दुबे ने कहा कि बच्चों को बचपन से एक अच्छी परवरिश दें। अपने भारतीय संस्कृति, धर्म, परंपरा से अवगत कराते रहें। इससे उनके मन में किसी बात को लेकर सकारात्मक विचार रहेगा। पढ़ाई व परीक्षा परिणाम को लेकर भी वह गलत नहीं सोचेगा। वहीं उन्हें रूचि वाले विषय लेने प्रोत्साहित करें। इससे उनका पेपर अच्छा जाएगा और परिणाम को लेकर टेंशन वाली बात नहीं आएगी।



### ज्यादा अपेक्षाएं न रखें

केंद्रीय विद्यालय की पूर्व शिक्षिका एवं काऊंसलर डॉ सुषमा पंडया ने कहा कि परीक्षा के खतम होते ही उन्हें समर क्लासेस के माध्यम से कोई कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलाएं ताकि उनका ध्यान परीक्षा परिणाम की ओर न जाए। यदि उन्हें कम अंक मिले तो भी उनसे नकारात्मक बातें न करें क्योंकि एक जीत सिकंदर नहीं होता और एक हार मुकंदर नहीं होता है। वहीं अंक कम आने पर उन्हें बेहतर काऊंसलिंग दें और अन्य फील्ड़ में जाने उन्हें प्रोत्साहित करें। अपने टीचरों से भी मार्गदर्शन लेते रहें।



### बनाएं सकारात्मक माहौल

इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने बिलासपुर सहित सभी कलेक्टर, समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी और सीआरसीसी को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए जनजागरण एवं सकारात्मक महौल, बच्चों एवं पालकों के मध्य लाया जाए, जिससे पालक, बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया दी जाए। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जाए, इसके लिए यह बात विद्यार्थियों, माता-पिता तथा पालकों तक पहुंचाना है कि परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना, जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं है। हमारे सम्मुख बहुत से ऐसे उदाहरण है, जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, किन्तु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं तथा वे हमारे प्रेरणा-स्त्रोत रहे हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तनाव ग्रसित बच्चों में पूर्व से भी कुछ लक्षण दिखने लगते हैं, यथा शांत (मौन) रहना, अकेले गुमसुम रहना, किसी काम में मन न लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना आदि इन तथ्यों के आधार पर बच्चों की समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## प्रकाश पर्व

# गुरु अर्जुन देव के प्रकाश पर्व पर आज सजेगा विशेष दीवान





**बिलासपुर।** धन धन श्री गुरुतेग बहादुर साहेब के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा दयालबंद बिलासपुर में आज शाम से विशेष दीवान सजाया जाएगा। जिसमें पाउंटा साहेब से आए जत्था भाई साहब भाई अर्जुन सिंह परवान, हुजुरी रागी जत्था गुरूसिंघ दयालबंद भाई जगजीत सिंह और ज्ञानी मान सिंह बडला हेड ग्रंथी गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद हाजिरी भरेंगे शाम के विशेष दीवान 7 से आरंभ होगी । पर्व के दूसरे दिन 29 अप्रैल सोमवार को सुबह धन धन श्री गुरुतेग बहादुर साहेब के प्रकाश पर्व पर दीवान 7:30 आरंभ होकर 9:15 बजे तक एवं शाम का विशेष दीवान 7 से आरंभ होकर 9:15 तक रहेगा। इसके बाद समूह साध के लिए गुरु का अटूट लंगर वरताया जाएगा । 30 अप्रैल को धन धन श्री गुरु अर्जुन देव का पावन प्रकाश पर्व भी श्रध्दा, उत्साह के साथ गुरुद्वारा दयालबंद बिलासपुर मे मनाया जाएगा । 30 अप्रैल को धन धन श्री गुरु अर्जुन देव का पावन प्रकाश पर्व पर सुबह का विशेष दीवान 7 बजे से 9:15 तक एवं शाम का विशेष दीवान 7 बजे से 9:15 तक सजाया जाएगा। 30 अप्रैल धन धन श्री गुरु अर्जुन देव के पावन प्रकाश पर्व पर दोनों विशेष दीवान में पाउंटा साहेब से आए जत्था भाई साहब भाई अर्जुन सिंह, परवान हुजुरी रागी जत्था गुरूसिंघ दयालबंद भाई जगजीत सिंह और ज्ञानी मान सिंह बडला हेड ग्रंथी गुरुद्वारा गुरूसिंघ दयालबंद हाजिरी भरेंगे।

**कल बरताया जाएगा गुरु का अटूट लंगर**

## शिविर

# निःशुल्क बाल व्यक्तित्व विकास शिविर 1 से

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में बच्चों को संस्कारवान बनाने, चारित्रिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश का उचित लाभ देने हेतु बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन 1 मई से किया गया है। राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि शिविर के अंतर्गत एकाग्रता, स्मरण शक्ति बढ़ाने के उपाय, दिव्य गुणों की धारणा के लिए अनुभवी ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा प्रेरणादाई उद्बोधन व मेडिटेशन, मोबाइल के दुष्प्रभाव एवं उससे मुक्ति के उपाय, डांस, गीत, लक्ष्य बनाने की विधि, प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूकता, शारीरिक व मानसिक स्वच्छता रखना सिखाया जाएगा। इसके अलावा इस समर कैंप में बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी दी जाएगी। सूर्य नमस्कार, एक्सरसाइज, एरोबिक्स आदि अनेक बातें बच्चों को सिखाई जाएगी। शिविर पूर्णतः निःशुल्क है परंतु शिविर का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है। शिविर का आयोजन 8 से 14 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए 1 मई बुधवार से 5 मई रविवार तक प्रातः 7:30 बजे से 9:30 बजे तक टेलीफोन एक्सचेंज रोड राजयोग भवन में किया गया है।



**राजयोग भवन का आयोजन**

## राम मंदिर तिलकनगर व गणेश मंदिरों में संकष्टी चतुर्थी पर हुई विशेष पूजा



# गणपति पूजा, अभिषेक करने उमड़ी भीड़

**बिलासपुर।** शहर के गणेश मंदिरों सहित राममंदिर तिलकनगर में संकष्टी चतुर्थी श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई गई। इस दौरान सिद्धि विनायक गणेश भगवान की विशेष पूजा, श्रृंगार कर अभिषेक किया गया। आरती कर मोदक का प्रसाद लगाया गया। जिसे श्रद्धालुओं के बीच वितरित की गई। संकष्टी चतुर्थी का मतलब संकट को हरने वाली होती है। माना जाता है कि इस दिन भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा करने, व्रत रखने से भगवान गणेश अपने भक्तों की सभी परेशानियों को हर लेते हैं। व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है। मान्यता है कि संकष्टी चतुर्थी के दिन इसकी कथा सुनने से गणपति की कृपा एवं शुभ-लाभ की प्राप्ति होती है। इस दिन कुछ विशेष वस्तुओं का दान करने से सुख में वृद्धि होती है। जीवन में आए सभी संकट बप्पा दूर करते हैं। इसी महत्ता के चलते लोग इस दिन भगवान गणेश की विशेष पूजा कर व्रत रखते हैं। तिलकनगर राममंदिर व गणेश मंदिरों में गणेश पूजा की धूम रहती हे। तिलकनगर राम मंदिर में इस चतुर्थी को उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, चिंमय चिंचोलकर, योगेश दिघ्रस्कर के सानिध्य में गणपति अभिषेक हुआ। इस बार 6 सौ से अधिक लोगों ने यह पूजा, अभिषेक कराया। अभिषेक के बाद भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। फिर आरती की गई। आरती में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। अंत में मोदक का प्रसाद वितरण किया गया। संकष्टी चतुर्थी के दिन मंदिर में विशेष रूप से प्रसाद के लिए मोदक तैयार किए जाते हैं।



### गणेश मंदिरों में पूजा

संकष्टी चतुर्थी पर सरकंडा व रेल्वे स्थित गणेश मंदिरों में विशेष पूजा, श्रृंगार कर गणपति का अभिषेक किया गया। मंदिर आए श्रद्धालु भक्तों ने जीवन में आने वाले कष्टों को दूर करने भगवान से प्रार्थना की। अंत में प्रसाद बांटे गए।

# सोलापुरी माता पूजा में मां श्यामा काली की हुई पूजा


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारह खोली चौक स्टेशन रोड बंगलायार्ड में आयोजित श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव में शनिवार को पुजारी पार्थ सारथी ने मां श्यामा काली स्वरूप की स्थापना की। खड़कपुर से आए पुजारी पार्थ सारथी प्रतिदिन गीली हल्दी से देवी के अलग-अलग स्वरूप की रचना कर उनकी विधि विधान से पूजा करते हैं । इसी क्रम में उन्होंने शनिवार को बंगाल की प्रसिद्ध मां श्यामा काली की स्थापना की। जिन्हें कालिका, लक्ष्मी काली, शिव शक्ति , भैरवी, पार्वती , श्यामा, श्याम अंबिका, महाकाली, भद्रकाली दक्षिण कली आदि नामों से भी पुकारा जाता है।

वैसे तो देश भर में मां काली की पूजा की जाती है लेकिन बंगाल में कालीघाट और दक्षिणेश्वर कली मंदिर विश्व प्रसिद्ध है, जहां वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मां काली, देवी पार्वती का ही स्वरुप है। कहते हैं जब राक्षस राज शूम्भ और निशुंभ ने स्वर्ग पर कब्जा कर लिया था, तब मां काली ने ही उनका संहार किया था। क्रोध में मां का स्वरूप श्याम वर्ण का हो गया इसलिए उन्हें श्यामा काली कहा जाता है। वैसे काली का अर्थ काल और समय से भी है ।

### विजेताओं को प्रदान किया गया उपहार

आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव और सचिव एस सांई भास्कर ने बताया कि आयोजन की अंतिम संध्या पर कालरात्रि स्वरूप की स्थापना की गई। जिसके दर्शन के लिए बिलासपुर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के एमडी प्रिंस भाटिया पहुंचे, जिन्होंने पूजा अर्चना कर देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया और लकी ड्रॉ निकालकर भाग्यशाली विजेताओं को उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर देवी को गौरीशंकर दास और कमेटी के सौजन्य से पूरी और चने की सब्जी का भोग लगाया गया , जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।



### आज महाकुंभम पूजा

सोलापुरी माता पूजा में देवी के अलग-अलग स्वरूप को प्रतिदिन विविध प्रकार के भोग अर्पित किए जाते हैं लेकिन श्रद्धालुओं को लगता है कि मेहमान के रूप में घर आई माता को अल्प प्राप्त भोग से वह पूर्ण संतुष्ट नहीं हुई, इसलिए उन्हें अंतिम दिन महाकुंभम के रूप में महाभोग लगाया जाता है। इस रविवार को देवी को महा कुंभम का भोग अर्पित किया जाएगा । इससे पहले न्यू बाबू लाइन कॉलोनी स्थित जी षणमुख राव के निवास से मधुसूदन राव और वी मोहिनी के सौजन्य से महाकुंभम शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें महिलाएं थाल में विशालकाय आकार के व्यंजन लेकर गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ पूजा पंडाल पहुंचेंगे, जहां पुजारी पार्थ सारथी देवी के समक्ष आसन लगाकर उन्हें यही महाभोग अर्पित करेंगे। इसके बाद रविवार को यहां भंडारे का भी आयोजन होगा। वहीं रविवार शाम को ही पूजा पंडाल से वापसी शोभायात्रा निकलेगी। देवी को लेकर आयोजन समिति और बाल पुजारी उसी मार्ग से वापस त्रिपुर सुंदरी मरी माई मंदिर लौटेंगे, जिस मार्ग से देवी आई थी। देवी को एक बार फिर से उसी भांति विदाई दी जाएगी।

## कार्नर न्यूज

### पूरी हुई ऑक्शन की प्रक्रिया

# एफसीएल सीजन 7 की शुरुआत कल से



**बिलासपुर।** महाराणा चौक रिंगरोड 2 स्थित फाउंडेशन क्रिकेट अकैडमी में अंडर 14 एफसीएल सीजन 7 की शुरुआत होने जा रही है। बीते दिनों इसके ऑक्शन की प्रक्रिया पूरी की गई। श्यामा होटल प्रेजेंट एफसीएल में इस बार 7 टीम अपना जौहर दिखाएंगी। फाउंडेशन क्रिकेट अकैडमी का हमेशा से ही प्रयास रहता है कि बच्चों को क्रिकेट की बारीकियों के साथ साथ उन्हें मैच का अनुभव शुरू से कराया जाए । इस बार एफसीएल में जो सात टीम हैं वे सर्व मंगला चैलेंजर्स, साई डेयरी वॉरियर्स , भिमनानी रॉयल स्ट्राइकर , छबड़ा टाइटंस एसडी राइडर्स , जेके फाइटर्स एवम् जगदेश्वरी लेजेंड्स आदि हैं। इन सभी 7 टीमों ने ऑक्शन में खिलाड़ियों पर जमकर बोली लगाई और टीम तैयार की है। इस बार सीजन 7 में पहला इनाम 5111 नकद व ट्राफी रखा गया। उपविजेता टीम को 2999 व ट्राफी दिया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट बैट्समैन , बेस्ट बॉलर , मैन ऑफ द सीरीज , बेस्ट कीपर, बेस्ट फिल्डर, मैक्सिमम सिक्सेस, इनाम खिलाड़ियों के लिए रखा गया है। अकैडमी में खेली जाने वाली यह प्रतियोगिता फ्लड लाइट खेली जाएगी। सभी मैच लीग पद्धति से खेले जाएंगे। मैच का बकायदा क्रिक हिरोज में लाइव स्कोरिंग का प्रसारण किया जाएगा।



# बच्चों को सही पालना देने अभिभावकों को मार्गदर्शन देना आवश्यक : बीके गायत्री

**बिलासपुर।** शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर मे इस बार अलग अलग वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग ग्रुप मे बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिये आवश्यक तैयारियां पूरी हो गई है। यह जानकारी बीके गायत्री ने दी ओर बताया कि कक्षा छठवीं से नवमी तक के विद्यार्थियों के लिए प्रथम बैच का शिविर 28 अप्रैल से शुरू हो रहा है जो कि 12 मई तक प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया कि अलग-अलग वर्ग के अनुसार पाठ्यक्रम तैयार करने से अच्छा प्रभाव पडता है। आजकल बच्चों को जिद्दीपन, मोबाईल की लत और अनुशासन हीनता से मुक्त करना बहुत बडी समस्या है। आगे कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों मे अच्छा संस्कार भरने का है जिससे वे स्वप्रेरित होकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का स्वयं ध्यान रख सके।

**कार्यालय, प्राचार्य शुभम शिक्षण महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
अटल विहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
शुभम विहार बिलासपुर (छ.ग.)
दूरभाष क्र. (O) 07752-424127-(M)8349013996 email-shubhamshikshan@gmail.com

पत्र क्र. 1610 /बी.एड./2024 बिलासपुर/दिनांक 27/04/2024

**//आवश्यकता//**

शुभम शिक्षण महाविद्यालय शुभम विहार, बिलासपुर में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के मानको के अनुरूप कॉलेज कोड की धारा 28 के अनुपालन में प्राचार्य पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 10/05/2024 तक योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।

प्राचार्य -1 पद

नोट :-
(1) आवेदित पद हेतु शैक्षणिक एवं अकादमिक योग्यता राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकानुसार होगी।
(2) वेतनमान राज्य शासन/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकानुसार होगी।
(3) आरक्षण नियमो का पालन किया जायेगा।
(4) आवेदन तीन प्रतियों में स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रो एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो के साथ प्रस्तुत करें।

प्राचार्य
शुभम शिक्षण महाविद्यालय
शुभम् विहार, बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### भारत गौरव रत्न श्री सम्मान, डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित हुए चरनजीत



**बिलासपुर।** समाज सेवा बिजनेस मैनेजमेंट के क्षेत्र में बिलासपुर छग के चरनजीत सिंह गंभीर को मानद उपाधि डाक्टरेट एवं भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह शहर व समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत गौरव रत्न श्री सम्मान कौंसिल वर्ल्ड हूमेन राइट प्रोटेक्शन कौंसिल ओनरेरी डाक्टरेट कौंसिल के संयुक्त तत्वावधान में जनकपुरी नई दिल्ली में अवार्ड समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बिलासपुर छत्तीसगढ़ के चरनजीत सिंह गंभीर को सामाजिक क्षेत्र एवं बिजनेस मैनेजमेंट के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए कौंसिल ने भारत गौरव रत्न श्री सम्मान व मानद उपाधि डाक्टरेट से सम्मानित किया है। कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड हूमेन राइट प्रोटेक्शन कौंसिल ने श्री गंभीर को अपने कौंसिल की सदस्यता की घोषणा कर सदस्यता के सर्टिफिकेट और पहचान पत्र देते हुए हूमेन राइट क्षेत्र पर कार्य करने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंडियन आर्मी फोर्स के (रिटायर्ड) कैप्टन योगेन्द्र यादव, मिनिस्टर बंग्लादेश हाई कमीशन मिस्टर शोभन महमूद, भारतीय रेसलर नरेंद्र यादव, मिस दिया मिर्जा, डीएसपी नेहा राठी, भारत गौरव रत्न श्री सम्मान कौंसिल के चेयरमैन डा. तपन कुमार रौटरी, सीईओ डा कविता बजाज, एमडी अर्जुन कुमार, कौंसिल टीम की हेड मनीषा बेनीवाल, निधि निगम, शिवानी शर्मा सहित लगभग 280 बिजनेस मैन व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिलाओं का जलसाः ईद मिलन समारोह में मांगी अमन चैन की दुआ



**बिलासपुर।** जामिया अल कौसर लिलबनात अन नूर एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा महिलाओं का जलसा-ए-ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन ईदगाह पुलिस लाइन में किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि अधिवक्ता फ़ौज़िया मिर्जा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ताहिरा बेगम ने की। विशेष अतिथि छग उर्दू अकादमी की पूर्व उपाध्यक्ष नजमा अजीम थीं। मुख्य अतिथि फ़ौज़िया मिर्जा ने रमजान व ईद के मक़सद को समझाया एवं ईद की मुबारक बाद देते हुए शिक्षा का महत्व समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ताहिरा बेगम व विशेष अतिथि नजमा अज़ीम ने ईद की मुबारकबाद दी। इस मुबारक मौक़े पर खुशहाना अहमदी साहिबा, रत्नागिरी, कनिज फ़ातिमा रिज़वी, नफ़ीसा अहमदी, बेगम हुसैन, यासमीन खान, शमीम फिरदौस, शबीना कुरैशी, नूर नायाब, शाहीना मुमताज़, अंजुम आरा ने सभी की सलामती एवं अमन चैन के लिए दुआ की।

### शिवप्रकाश ने बिलासपुर व कोरबा लोस चुनाव संचालन समिति की ली बैठक

# भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री ने किया बूस्ट, कहा-बूथ पर हो फोकस



- **विपक्ष के पास मुद्दों का अभाव है और चुनाव में प्रदर्शन को लेकर निराशा**

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान बिलासपुर के जिला भाजपा कार्यालय में बिलासपुर व कोरबा लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक ली। उन्होंने बैठक में पूरी तरह से बूथ मैनेजमेंट पर जोर देते हुए भाजपा के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान कराने कहा है।

भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने बूथ प्रबंधन को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि बूथ प्रबंधन को लेकर हमारी रणनीति स्पष्ट होनी चाहिए कैसे बूथों में बढ़त हासिल किया जाए। शिवप्रकाश ने कहा कि देश का विपक्ष के पास मुद्दों का अभाव है और चुनाव में अपने प्रदर्शन को लेकर निराशा है इसलिए वह केवल भ्रम फैला रही है। बैठक में डिप्टी सीएम अरूण साव, छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखन देवांगन, श्यामबिहारी जायसवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव नगर विधायक लोकसभा कलस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, रेणुका सिंह, पूर्व विधायक ननकीराम कंवर, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहिले, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, रामसेवक पैकरा, पूर्व सांसद लखन साहू, संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव, नंदन जैन, जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, शैलेष पाठक, कन्हैया राठौर, प्रबलप्रताप सिंह जूदेव, महामंत्री मोहित जायसवाल सहित बिलासपुर और कोरबा के चुनाव संचालक मंडल उपस्थित रहे।

### महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कांग्रेस भवन में ली बैठक

# पहली बैठक में हर साल 1 लाख रुपए देने के प्रस्ताव पर मुहर लगेगी



- **कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव को जीताने महिला कांग्रेस संकल्पित**

**बिलासपुर।** देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर 4 जून के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में देश की बहनों को हर साल 1 लाख रुपए देने के प्रस्ताव पर मुहर लगेगी। महतारी वंदन के नाम पर हमारे छत्तीसगढ़ की बहनों को सरकार ने 1000 रुपए दिया। 1000 रुपए में एक महीना घर चल जाएगा क्या? कांग्रेस के घोषणा पत्र में देश की महिलाओं को हर साल रुपए 1 लाख रुपए देने का वादा किया है। और हर महीने 8500 बहनों को दिया जाएगा। उक्त बातें शनिवार को कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कही।

बैठक में कांग्रेस भवन में उन्होंने महिला कांग्रेस की पदाधिकारी तथा सदस्यों से कहा है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर घर-घर जाएं तथा बहनों को बताएं कि केंद्र की सरकार किस प्रकार उनके साथ छलावा कर रही है। नोट बंदी, काला धन को लेकर केंद्र की सरकार ने झूठ बोला है। डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया।

महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बाबा साहेब के संविधान को एक कमरे में बंद कर दिया है। बैठक में बिलासपुर लोकसभा की प्रभारी माया रानी सिंह, शिल्पी तिवारी, अलका शर्मा, संध्या तिवारी, स्वर्णा शुक्ला, शोभा चाहिल,सावित्री सोनी, के अलावा काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। बैठक के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष शिल्पी तिवारी के निवास पहुंची और यहां उन्होंने बिलासपुर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के चुनावी रणनीति तथा महिला कांग्रेस की भूमिका पर चर्चा की।

# आचार्या इंस्टीट्यूट के 38 स्टूडेंट जेईई एडंवास क्वालिफाई



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन-2 का रिजल्ट जारी कर दिया है, जिसमें आचार्या इंस्टीट्यूट के 38 स्टूडेंट ने जेईई मेंस के एडंवास में क्वालिफाई कर लिया है। शहर के सबसे विश्वसीय इंस्टीट्यूट से पढ़ाई कर चुके इन स्टूडेंट का हौसला देखने लायक है। खास बात यह है आचार्य इंस्टीट्यूट जल्द ही नई बैच के साथ एक बार फिर सफलता के झंडे गाड़ने को तैयार हो चुका है।

बताया जा रहा है कि इस साल जेईई मेंस के रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं, जिसमें आचार्य इंस्टीट्यूट के 52 स्टूडेंट में से 38 स्टूडेंट ने सफलता हासिल करते हुए शहर का नाम रोशन कर दिखाया है। आचार्या इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने बताया कि 95 के परसेंटाइल रेंज से अधिक अंक हासिल किया है। अधिकांश छात्रों का यह पहला ही अटेंप्ट रहा है। वहीं कुछ छात्र ड्राप आउट लेकर तैयारी कर रहे थे। जेईई-2 की परीक्षा देने के पहले से ही छात्र एडवांस्ड की तैयारी में लग गए हैं। छात्रों ने सिलेबस पूरा कर लिया है, अब रिवीजन कर रहे हैं। हर दिन एक मॉक टेस्ट दे रहे हैं। इस्टीट्यूट

**एजुकेशन प्लस**

के स्टूडेंट माही कलवानी ने 99.6परसेंटाइल,गुंजन मिश्रा ने 99.53 परसेंटाइल और प्रद्युमन 98.75 परसेंटाइल, आशीष चौहान 98.56 परसेंटाइल प्राप्त किया है। इसी तरह श्रुति गुप्ता 98.48, आशीष कश्यप 98.29, जी आदित्य 97.54, गरिमा पाठक 96.78, अभय कुमार 96.51, यशराज सिंह 95.65, ईशा साहू 95.32, आलोक सिंह 94.84, अनाया गुप्ता 96.94, शाम्भवी शर्मा 95.52, करिश्मा सिंह 94.36, देवेश शर्मा 92.28, दरसिल यादव 91.99, प्रगति द्विवेदी 87.21, ऋषभ जाजोदिया 87.25, सैफ आलम 86.31, शौर्य मिश्रा 86.84, आर्यन सैनी 84.78, अभिषेक साहू 84.69, अर्णव गुप्ता ने 81.89 परसेंटाइल प्राप्त किया है। सभी का कहना है कि जिस भी विषय में थोड़ी गलती हुई है, उस पर मेहनत करेंगे और पूरे मार्क हासिल करने की कोशिश है।

छात्रों का कहना है कि 7 सालों से एडवांस्ड का ट्रेंड बदल रहा है। इसमें गणित में पूरा स्कोर करना कठिन हो रहा है, क्योंकि इसके प्रश्न अन्य पेपरों की अपेक्षा का कठिन हो रहा है। इसलिए ज्यादातर समय गणित को ही दे रहे हैं।

### ब्रिलिएण्ट के अंशुमन को मेंस में 99.59 परसेंटाइल



**बिलासपुर।** ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल बहतराई के कक्षा 12 वीं के विद्यार्थी अंशुमन सिंह ने जेईई मेंस 2024 की परीक्षा में 99.59 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर शहर व शाला का नाम गौरवान्वित किया है। इसके अतिरिक्त जेईई मेंस में अन्य प्रतिभागी विद्यार्थियों का प्रदर्शनी भी काफी अच्छा रहा। इस तरह कई प्रतिभागी छात्रों ने जेईई परीक्षा के अगले चरण में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल एवं निदेशक प्राचार्य डा. श्रुति गुप्ता ने अंशुमन सहित अन्य प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं उनके परिवारजन को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।






27-APR-REGNOL-pg-4-COMON_Layout 1 4/27/2024 11:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शतरंज चैम्पियनशिप आज



**मुंगेली।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लोकसभा चुनाव 2024 स्वीप के अंतर्गत स्वीप कप जिला स्तरीय ओपन रैंकिंग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 28 अप्रैल रविवार को महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाफल में प्रातः 9.30 बजे से किया जा रहा है। स्पर्धा का आयोजन मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। स्पर्धा के अंतर्गत सभी उम्र के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव व विशिष्ठ अतिथि स्वीप जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय रहेंगे।

### अमन ने जेईई मेन में हासिल किया 99 परसेंटाइल

**पथरिया।** जेईई मेन 2024 में ग्राम बैजना के अमन जायसवाल ने ओवर ऑल



स्कोर 99 परसेंटाइल और केवल फिजिक्स में 99.40 व गणित में 98.44 पर्सेंटाइल हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है। अमन ने जेईई की तैयारी घर से ऑनलाइन की थी। 12वीं की पढ़ाई स्वामी आत्मानंद स्कूल मुंगेली से की थी। अमन ने गणित में पूरे 100 अंक एवं भौतिकी में 99 अंक प्राप्त किए थे। अमन जायसवाल नगर की शिक्षिका नंदकुमारी जायसवाल और प्रकरण जायसवाल के पुत्र हैं।


### शांतिपूर्ण मतदान कराने अफसरों की बैठक

**मुंगेली।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले के शेडो एरिया में शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराने के आशय से बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल द्वारा जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शेडो एरिया में शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल द्वारा शेडो एरिया प्लॉनिंग, एटीआर रिमोर्ट एरिया में मूवमेंट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग एवं अन्य समस्त विभाग को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता होना बताया है। इस अवसर पर उप संचालक एटीआर गणेश यूआर, जिपं सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### समुंद बाई कोरी

**बेलतरा।** ग्राम रमतला निवासी स्व. जगन्नाथ कोरी की पत्नी श्रीमती समुंद बाई कोरी का 27 अप्रैल को देहावसान हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम रमतला में किया गया। वे बलराम कोरी, दीनबंधु (घनश्याम) कोरी, सुभाष कोरी एवं प्रकाश कोरी की माता थीं।



### डा.लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी डॉ.लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता का निधन 26 अप्रैल को हो गया। वे 89 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को मधुबन नारियल कोठी दयालबंद मुक्तिधाम में किया गया।



## बिलासपुर से भैंसडोल जा रही थी बस

# बारातियों से भरी बस पलटी, 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

मवेशियों को बचाने के चक्कर में बारातियों से भरी बस पलट गई। घटना में 15 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

■ घायलों को उपचार के बाद अस्पताल से दे दी गई छुट्टी

थाना प्रभारी हरीश टाण्डेकर ने बताया कि बेमेतरा जिला अंतर्गत ग्राम भैंसबोड से मंथन सिंह राजपूत की बारात बिलासपुर आई थी। विवाह संपन्न होने के बाद बाराती बस क्रमांक सीजी 28 जी 0103 से लौट रहे थे। रात्रि लगभग 11:30 बजे ग्राम जोरापारा मेड़ रोड के पास बैठे मवेशियों को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई और गड्ढे में जाकर पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। वहां मौजूद आसपास के लोग व अन्य राहगीर यात्रियों की मदद के लिए आगे आए। उन्होंने यात्रियों को बस से निकालने में मदद की और उनकी तिमारदारी में जुट गए। हादसे में बस में सवार 15 यात्री घायल हो गए। घायलों में प्रकाश सिंह उम्र 22 वर्ष, मुरित सिंह 24 वर्ष , आशीष सिंह 15 वर्ष, संतोष नेताम 60 वर्ष , हरिहर सिंह, खेमपाल, मालिकराम नेताम, संदीप उम्र 26 वर्ष, देवेश, प्रासु 22 वर्ष शामिल हैं। घायलों को 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मदन सिंह राजपूत की रिपोर्ट पर चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।



बस पलटने से घायल यात्रियों का हास्पिटल में किया जा रहा उपचार एवं घटनास्थल पर पलटी बस।

### सड़क पर रहता है मवेशियों का राज, आए दिन हो रहे हादसे

सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से आए दिन दुर्घटना होने से लोग परेशान हैं। मवेशी आए दिन आपस में भिड़ जाते हैं जिससे सड़क से निकलने वाले वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन का इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं है। मवेशियों का सबसे ज्यादा जमावड़ा सड़कों पर होता है। पूरी सड़क पर मवेशी दिन भर खड़े रहते हैं तो कई मवेशी बीच सड़क पर ही बैठे रहते हैं। वाहन चालक हार्न भी बजाता है तब भी वे टस से मस नहीं होते। वाहन चालकों को नीचे उतरकर उन्हें सड़क किनारे करना पड़ता है, तभी वह आगे बढ़ते हैं। दिन हो या फिर रात यह मवेशी राहगीरों के लिए सबसे ज्यादा मुसीबत बने हुए हैं लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान न दिए जाने से राहगीरों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

### ट्रक से टकराया चारपहिया वाहन, तीन घायल

**तखतपुर।** बेलपान से तखतपुर आ रहा टाटा मैजिक वाहन खड़े ट्रक से जा टकराया जिससे तीन सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बेलपान की ओर से तखतपुर आ रहा टाटा मैजिक वाहन उस्मान ट्रेडर्स के पास खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 4 एनटी 8577 से जा टकराया वाहन में सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां मामूली चोट होने पर इलाज किया गया।





मादा भालू के पास छोड़ा गया शावक को।

## परिवार से मिला शावक भालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

दो दिन पहले अपने परिवार से बिछड़े सफेद भालू के शावक को वनविभाग की टीम ने उसकी मां और भाई से मिला दिया है। भालू के सफेद शावक को उसके परिवार से मिलाने और मां भालू को ढूंढने के लिए वन विभाग की टीम दो दिन से मरवाही वनमंडल में मश्क्कत कर रहा था।

■ भूख-प्यास से बेहाल अवस्था में मिला था सड़क किनारे

मरवाही वन मंडल के डीएफओ रौनक गोयल ने बताया कि बीती रात मरवाही वनमंडल के जंगल में बिछड़े हुए सफेद भालू शावक को उसकी मां के पास छोड़ा गया है। बता दें कि यह सफेद भालू शावक दो दिन पहले अपने परिवार से बिछड़ कर अलग हो गया था। सड़क किनारे भूख प्यास से बेचैन इस बच्चे को गांव वाले सड़क पर देख इसे पानी पिलाने और खिलाने का प्रयास कर रहे थे। वन विभाग को इसकी सूचना मिलते है तत्काल इसे रेस्क्यू कर इसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और इसे फिर पेण्ड्रा के इंदिरा गार्डन में सुरक्षित रखा गया। इसी बीच वन विभाग जहां बच्चा मिला था उसके आसपास के जंगलों में ट्रेप कैमरे लगाकर उसके परिवार को खोजने का प्रयास कर रहा था। बीती रात को सफेद शावक के बच्चे का परिवार मिलने पर सुरक्षित उसे मां भालू और भाई के पास छोड़ दिया गया।

बताया जा रहा है कि ये काली मादा भालू पहले भी इस क्षेत्र में देखी गई थी जिसके दो नन्हे सफेद शावक हैं। पहले भी इनके वीडियो वायरल हो चुके हैं। डीएफओ रौनक गोयल ने कहा कि इस क्षेत्र भालुओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए नई योजना लाई जाएगी जिस पर कार्ययोजना बनाई जा रही है।

## नवागांव में बह रही नवधा भक्ति की बयार



**सीपत।** ग्राम नवागांव (मचखंडा) में इन दिनों नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है जिसमे दूरदराज के मानस प्रेमी भक्तगण एवं भजन मंडलियों द्वारा ग्रामवासियों को भगवान की कथाएं व सुमधुर भजन सुनाई जा रही है। बता दें कि नवधा रामायण ऐसा आयोजन है जो समूचे छत्तीसगढ़ प्रांत के ग्रामीण और शहरी अंचलों में बड़े ही धूमधाम से की जाती है नौ दिनों तक अनवरत चलने वाले इस आयोजन में दूर दूर से रामायण मंडलियां भाग लेती हैं इसके लिए विधिवत रामायण मंडलियों को निमंत्रण भेजा जाता है। ग्राम नवागांव में भी इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने प्रतिवर्ष नवधा रामायण का आयोजन किया जाता रहा है इस वर्ष यह आयोजन 21 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है जो कि 30 अप्रैल तक चलेगा अभी तक इस यज्ञ में लगभग 60 से भी अधिक मंडलियों ने भाग लिया है कार्यक्रम के आयोजक गण में लखन लाल विश्वकर्मा मनहरण लाल यादव दरस राम साहू गुहा राम धीवर चूड़ामणि पाटनवार राजकुमार यादव खिलेशवर साहू सी एल जलतारे रामायण पाटनवार राजू यादव कृष्ण कुमार यादव दिलहरण यादव के नाम शामिल हैं।

## 227 लीटर शराब एवं 1150 किलो महुआ लहान जब्त



**बिल्हा।** आबकारी विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई करती हुई 227.2 लीटर शराब एवं 1150 किग्रा महुआ लहान जब्त किया है। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण के निर्देश तथा सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल बिल्हा क्षेत्र में अवैध मदिरा विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई। इसके तहत पांच प्रकरण दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं तीन अजमानतीय प्रकरण बनाए गए हैं। टीम ने पदमन राजपूत निवासी उमरिया से 8 लीटर, 2. राधा वर्मा निवासी बोदरी से 9 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। इसी तरह एक लावारिस प्रकरण में उमरिया थाना बिल्हा में 210 लीटर महुआ शराब एवं 1150 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया है।

### 600 किलो महुआ लहान व 120 बल्क लीटर शराब जब्त

**लोरमी।** गस्त के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम गुरुवाइन डबरी में छापेमार कर फूलसिंग तालाब के किनारे 120 बल्क लीटर हथभट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 600 किलो महुआ लहांन जब्त किया है।

## कांग्रेस ने जीपीएम को जिला बनाकर जनता को दी सौगात: महंत



**जीपीएम।** कोरबा लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने मरवाही विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में सघन जनसंपर्क करते हुए सभाएं ली। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय का कभी गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले से नाता रहा है? कांग्रेस की सरकार ने इस क्षेत्र की जरूरत को समझा और जिला बनाया। आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज, नए स्कूल, अस्पताल और उन सुविधाओं को धरातल में लाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए मरवाही की जनता को पूर्ण समर्थन देना होगा। उन्होंने कहा कि अगर अपने बच्चों का भविष्य संवारना हो तो आज ये फैसला लेना होगा कि कांग्रेस को जिताना है। भाजपा की जनविरोधी सरकार को देश से उखाड़ फेंकना होगा। सांसद ज्योत्सना महंत ने मरवाही विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बगड़ी, अंडी, सेखवा, रूमगा, बंशीताल आदि गांवों में जनसंपर्क किया। इसके पश्चात ग्राम मरवाही स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक लेकर क्षेत्रीय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

# घर-घर अक्षत चावल से दे रहे मतदान का नेवता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

नगर पंचायत बोदरी में लोकसभा निर्वाचन में लोगों की शत प्रतिशत भागादारी सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा उन्हें अक्षत चावल देकर चुनई नेवता के जरिए मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। अक्षत चावल का उपयोग भारतीय संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य में किया जाता है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के मार्गदर्शन में एसडीम बजरंग वर्मा तहसीलदार अभिषेक राठौर ने आज नगर पंचायत बोदरी के वार्ड क्रमांक 10 (डड़हा), जहाँ विधानसभा 2023 में चुनाव का बहिष्कार किया गया था, वहाँ के मोहल्लों में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर डोर टू डोर वीआईएस वितरण भी किया गया एवं वार्डवासियों को वोट देने के लिए समझाइश भी दिया गया।। हर मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में घर-घर जाकर मतदान दलों द्वारा अक्षत चावल और मतदाता पर्ची का वितरण कर 7 मई को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने मनुहार किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीणों क्षेत्रों में यह अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। एसडीम बजरंग वर्मा तहसीलदार अभिषेक राठौर ने भी स्वयं कई गांवों के घरों में पहुंचकर अक्षत चावल से मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रण दिया।



## चुनाव के लिए बसों का अधिग्रहण, बढ़ी भीड़



**मुंगेली।** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए परिवहन विभाग द्वारा जिले के लगभग 2 सौ बसे और 125 छोटे वाहनों का अधिग्रहण किया जा चुका हैं। आगामी 7 मई को चुनाव के लिए अभी से ही अधिग्रहित किए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। शादी का सीजन एवं अधिग्रहण के चलते बसे कम हो गई है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को प्राइवेट टेक्सियां भी नही मिल पा रही है। आगामी 7 मई को जिले में मतदान होना है। इसके लिए शुरूआती दौर में केंद्रीय रिजर्व बल के लिए बसों की जरूरत होगी। इसके आलावा बूथ में ड्यूटीरत मतदान दलों को लाने ले जाने केलिए बसों का उपयोग किया जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के लिए 225 बसे अधिग्रहित की जाएगी। इसके आलावा करीब 150 छोटे वाहन आब्जवर सहित अन्य उच्च अधिकारियों के लिए किये जाएंगे। वर्तमान में लगातार वैवाहिक आयोजन भी हो रहे हैं।

### 95 प्रतिशत वाहन अधिग्रहित

आगामी 7 मई को जिले में मतदान होना है। इसके लिए लगभग 95 प्रतिशत वाहनों को अधिग्रहित कर लिया गया है।

-**असीम माथुर**, जिला परिवहन अधिकारी, मुंगेली

## पानी के लिए लोगों को करनी पड़ रही पदयात्रा

**कोरबा।** गर्मी के मौसम में नगर निगम के कई वार्डों के लोग बुंद बुंद पानी को लेकर परेशान हैं। लोगों के घरों में नगर निगम द्वारा पानी सप्लाई न के बराबर की जा रही है। देहानपारा, भदरापारा, डुग्गुपारा के लोग 3 किलोमीटर पैदल कड़ी धुप में ढेंगुरनाला से निस्तारी एवं पीने का पानीं लाने को मजबूर हैं। नागरिकों ने बताया कि यह समस्या काफी समय से यहां पर बनी हुई है। इसके लिए उन्होंने कई बार नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया और आवश्यक प्रयास करने के लिए भी कहा लेकिन इसके कोई नतीजा नहीं आ सके। आखिरकार अब गर्मी सिर पर आने के साथ हर तरफ परेशानी पैदा कर रही है। खासकर बालकोनगर के इन क्षेत्रों में नागरिकों को पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। अधिकांश क्षेत्रों में जल स्तर नीचे चले जाने से समस्याएं पैदा हुई है और लोगों को काफी दूर से पानी लेना पड़ रहा है स्वाभाविक रूप से ऐसी स्थिति में लोगों को पदयात्रा करनी पड़ रही है।

### मतदाता जागरूकता शिविर में वरिष्ठजन का सम्मान



**जरहागांव।** नगर पंचायत जरहागांव में सहकारी समितियों द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजन को सम्मानित किया गया। साथ ही लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताते हुए 7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त हितेश श्रीवास ने बताया कि सहकारी समितियों द्वारा स्वीप के अंतर्गत शतप्रतिशत मतदान मुंगेली जिले का अभिमान थीम पर रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

### छात्रों ने बाइक रैली निकालकर की मतदान की अपील



**मुंगेली।** शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित प्रज्ञा कोचिंग दाऊपारा के छात्रों ने 26 अप्रैल को नगर में मतदाता जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया। आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दाउपारा से शुरू हुई यह रैली पड़ाव चौक, पुराना बस स्टैंड मुंगेली से होते हुए दाउपारा चौक पर समाप्त हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रज्ञा कोचिंग के छात्रों ने आत्मानंद स्कूल, पड़ाव चौक, दाउपारा चौक और कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के समक्ष नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया।

# 'आम' लोगों की पहुंच से अभी दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

फलों का राजा आम अभी खास बना हुआ है। गर्मी में आम की आवक शुरू हो गई है पर महंगाई के चलते सीमित लोग ही इसकी खरीदारी कर रहे हैं। क्षेत्र के फुटकर मार्केट में आम 70 से 120 रुपए किलो तक बिक रहा है। फल विक्रेताओं की मानें तो माह भर बाद ही इसके दाम कम होंगे।

■ फुटकर मार्केट में आम 70 से 120 रुपए किलो तक बिक रहा

इधर अचार के लिए कच्चा आम भी 20 से 30 रुपए प्रति किलो बिक रहा है जिससे गरीब वर्ग के लोग इसे लेने से अभी परहेज कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार आम की फसल को बेमौसम बारिश व आंधी-तूफान से काफी नुकसान पहुंचा है। इससे आम की पैदावार कम हुई है। फसल कम होने का असर इसके दाम पर दिख रहा है। फल विक्रेता कहते हैं कि आमतौर पर अप्रैल माह में आम की कीमत 40 से 50 रुपए तक रहती है, लेकिन इस साल अभी इसकी आवक शुरू हुई है। शुरूआती चरण में आवक कम होने से इसकी कीमत बढ़ी हुई है। आवक कम होने पर इसका स्पष्ट असर रेट पर पड़ता है। गर्मी के सीजन में फलों के दाम दोगुने से तिगुने हो जाते हैं। रही-सही कसर आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश ने पूरी कर देती है। आंधी की वजह से आम पेड़ों से गिर गए।



अन्य फलों के भी बढ़े भाव- अंगूर समेत अन्य फलों के दाम भी गर्मी में बढ़ गए हैं। आवक कम होने से मार्केट में अंगूर 90 से 100 रुपए किलो के भाव से बिक रहा है। केले का भाव 40-60 रुपए दर्जन तक है। संतरा 80 से 90 रुपए किलो, सेब 180 से 200 रुपए किलो, अनार 160 रुपए किलो के भाव से बिक रहा है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**//उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र./ब-121/2023-24
ग्राम-भठलीकला प.ह.नं. 01

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम भठलीकला वालों को सूचित किया जाता है कि आवेदक तेजराम पिता कुंवारे जाति रावत निवासी ग्राम भठलीकला तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने दादी मटरिया के मृत्यु दिनांक 11.09.2022 को ग्राम पंचायत भठलीकला में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 30.04.2024 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायलय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**न्यायालय - श्रीमान अनंतदीप तिर्की व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02 लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

विष्णु प्रसाद कश्यप....................वादी
बनाम
आम जनता वगैरह................प्रतिवादीगण

व्य. वाद क. - 32-ए/2022
पेशी दिनांक- 12/06/2024
प्रोसेस क्रमांक- 150/24

एतद् द्वारा प्रतिवादी क्रमांक 01 आम जनता ग्राम-पैजनिया, तहसील-लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि वादी विष्णु प्रसाद कश्यप विरुद्ध आम जनता वगैरह ने मेरे न्यायालय में सिविल वाद दावा वास्ते स्वत्व की उद्घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत का इस न्यायालय में वाद पेश किया है जिस पर दिनांक 12/06/2024 को सुनवाई किया जाना है व उक्त प्रकरण में मेरे न्यायालय में नियत किया गया है।

अतः प्रतिवादी क्रमांक 01 आम जनता ग्राम-पैजनिया, तहसील - लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.) को इस समंस के द्वारा सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे मामले के बारे मे पुरी जानकारी हो सुनवाई दिनांक 12/06/2024 को प्रातः 11:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। प्रतिवादी क्रमांक 01 आम जनता ग्राम-पैजनिया, तहसील-लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.) की अनुपस्थिति रहने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही कर व्यवहार वाद में अग्रिम सुनवाई की जावेगी। उक्त तिथि को किसी कारण वश अवकाश होने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश होने पर मामले की सुनवाई अगामी न्यायालयीन कार्य दिवस में की जावेगी ।

आज दिनांक 18/04/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से समंस / सूचना जारी किया गया।

**श्री अनंतदीप तिर्की**
**व्यवहार न्यायधीश वर्ग 02 लोरमी**
**जिला - मुंगेली (छ.ग.)**

**आम सूचना**

एतद, द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, की मौजा अमेरी के अंतर्गत रिंग रोड नंबर 2,अयोध्या नगर वार्ड क्रमांक 5 में स्थित परिवर्तित भूमि जिसका पटवारी हल्का नंबर 43 ,खसरा नंबर 457/5 , रकबा 1000 वर्ग फुट,तहसील सकरी जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, में स्थित है ,जो की समस्त राजस्व अभिलेखों में कृष्ण कुमार यादव, पूर्णिमा यादव,प्रमिला यादव, लक्ष्मी यादव, सभी पिता स्व बहादुर लाल यादव निवासी राजेंद्र नगर बस्ती बिलासपुर छत्तीसगढ़ वाले के नाम पर दर्ज है ।उक्त भूमि को को मेरे द्वारा मूल भूस्वामीयो से खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है ।जिसका की निकट भविष्य में मेरे द्वारा रजिस्ट्री करना तय है। इस बाबत यदि किसी व्यक्ति ,संस्था ,शासकीय ,अर्ध शासकीय कार्यालय या किसी अन्य को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकासन के 7 दिवस के भीतर मेरे समक्ष संबंधित दस्तावेज समेत उपस्थित होकर या मुझसे संपर्क कर अपना आपत्ति या दावा प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा मान्य नहीं होगा । सो सूचना जाने

**भवदीय**
**सुनील कुमार केशरवानी**
**निवासी - शांति नगर रिंग रोड नंबर 2**
**बिलासपुर, छत्तीसगढ़**
**मोबाइल नंबर -9752302202**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 600/ब-121/ /2023-2024
ग्राम छतौना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्वसधारण आम जनता ग्राम छतौना, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक शरद कश्यप पिता रामअवतार कश्यप निवासी जूनाबिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर ने छ.ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 114 के तहत आवेदन दिया है कि ग्राम छतौना, प.ह.न. 37, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नंबर 1093/8 मे से रकबा 0.25 एकडद्व भूमि को पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 26.06.2012 के माध्यम से कय किया है। कय पश्चात नामांतरण क्रमांक 78 दिनांक 20.11. 2012 को नामांतरण कराने के बाद खसरा नंबर 1093/9 रकबा 0.25 एकड़ भूमि समस्त राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुआ। उक्त भूमि में से रकबा 7000 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से प्रेमप्यारी कश्यप पति राजेन्द्र कश्यप श्रीमती बीना गुप्ता पति आनंद गुप्ता एवं देवव्रत पिता अजीत कुमार दत्ता को विकय किया गया। शेष भूमि 3900 वर्गफीट भूमि आवेदक के नाम पर बची है जिसमें काबिज होकर उपयोग करते चले आ रहे है। उपरोक्त भूमि वर्तमान अभिलेख में दर्ज नही है। उसे दर्ज किया जावे। उक्त आवेदन पत्र श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर को प्रस्तुत किया गया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो वह अपना आपत्ति दावा दिनांक 17.05.2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति-दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**


॥ जय श्री सोलापुरी मातारानी ॥
मान. श्री विष्णुदेव साय जी
का मातारानी की नगरी बिलासपुर की पावन धरा पर शत् शत् अभिनंदन
राजेश सिंह
विष्णु यादव
संतोष कौशिक
सौरभ पाण्डेय
विक्की सिंह
निखिल साहू
मुन्ना तिवारी
देवेन्द्र गुप्ता
वरूण सिंह
रवि मेहर
राकेश तिवारी
बी.आर. मोहबिया
दिलीप कोरी
गेंदलाल साहू
जागेश्वर यादव
सूरज मिश्रा
राजकमल साहू
रामचंद्र यादव
ज्ञान साहू
नितेश साहू
ओम साहू
मनीष तिवारी
जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे

## खबर संक्षेप

### मानिकपुरी पनिका समाज की बैठक आज

**बिलासपुर।** मानिकपुरी पनिका समाज विकासखंड तखतपुर समिति की मासिक बैठक रविवार 28 अप्रैल को ग्राम बंधियापारा में आयोजित की गई है। बैठक सुबह 11 से 2 बजे तक चलेगी। इसमें समाज के समस्त पदाधिकारियों के साथ संत, महंत एवं सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी सचिव सोहन दास मानिकपुरी ने दी।

### बिलासपुर व यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन 30 से

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी के दिनों में यात्रियों को भीड़ से निजात दिलाने के लिए बिलासपुर से यशवंतपुर के मध्य एक समर स्पेशल ट्रेन शुरू किया जा रहा है। यह ट्रेने अपने 9 फेरा लगाएगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल प्रबंधक ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए एक समर स्पेशल ट्रेन 08291-08292 बिलासपुर-यशवंतपुर-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर एवं यशवंतपुर के मध्य 9 फेरों के लिए चलाई जाएगी। यह गाड़ी बिलासपुर से प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को गाड़ी नंबर 08291 बिलासपुर-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल से 28 मई तक चलेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी यशवंतपुर से प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को गाड़ी संख्या 08292 यशवंतपुर-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन 2 मई से 30 मई तक चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन 2 एसएलआर, 6 सामान्य, 10 स्लीपर, 2 एसी थ्री, 1 एसी-टू श्रेणी सहित कुल 21 कोच के साथ अपने गंतव्य के लिए रवाना होगा।

### दुर्ग-छपरा-पटना समर स्पेशल ट्रेन गोंदिया तक

**बिलासपुर।** दुर्ग-छपरा व दुर्ग-पटना के मध्य चल रही समर स्पेशल ट्रेन को यात्री सुविधा के लिए अब इसे गोंदिया तक चलने का निर्णय लिया गया है। इससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगा व भीड़ में कमी आएगी। दपूमरे द्वारा ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग-छपरा एवं दुर्ग-पटना के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए दो समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग एवं दुर्ग-पाटन–दुर्ग के मध्य चलाई जा रही है । नागपुर मण्डल में रेल यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए इन दोनों समर स्पेशल गाड़ियों को गोंदिया तक चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे मार्ग पर सफर करने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी।

### एग्रीमेंट के विवाद में प्रापर्टी डीलर से मारपीट

**बिलासपुर।** जमीन एग्रीमेंट के विवाद में प्रापर्टी डीलर से मारपीट कर मोबाइल तोड़ने वाले हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार,बहतराई सरोज विहार कालोनी निवासी प्रकाश लक्ष्मे पिता हरप्रसाद लक्ष्मे प्रापर्टी डीलर हैं और उनका घर में आफिस है। 26 अप्रैल को शाम 7 बजे मोपका पैराडाईस कालोनी निवासी लक्ष्मी साहू उनके आफिस पहुंचा और जमीन संबंधी एग्रीमेंट की बात पर विवाद कर चला गया। उसके बाद रात 9 बजे वह अपने दोस्त विशाल पटेल के साथ आया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया दोनों युवकों ने हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए ईंट से हमला कर दिया। वहीं उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 427, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




# पुरातत्व संग्रहालय से प्राचीन मूर्तियां हो रहीं शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- टाउनहाल के दूसरे कक्ष में रखी जा रहीं मूर्तियां

टाउनहाल स्थित पुरातत्व विभाग के जिला संग्रहालय से ऐतिहासिक प्राचीन मूर्तियों की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। शनिवार को संग्रहालय में रखी छोटी-छोटी मूर्तियों को पहले दूसरे कक्ष में शिफ्ट कराया गया। प्राचीन मूर्तियों की शिफ्टिंग पुरातत्व विभाग व नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ और निगम कमिश्नर अमित कुमार भी शिफ्टिंग के दौरान निरीक्षण करने पहुंचे थे। शिफ्टिंग के दौरान पुरातत्व विभाग के संग्रहालय में रखी मूर्तियों को उठाने में कर्मचारियों की हालत खराब हो गई। ये प्राचीन मूर्तियां काफी भारी हैं, जिसे उठाकर दूसरे कक्ष में रखने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आज पहले छोटी-छोटी मूर्तियों को हटाया गया है, उसके बाद जो बड़ी-बड़ी और भारी वजन वाली मूर्तियां हैं, उन्हें शिफ्ट किया जाएगा। आज मूर्तियों की शिफ्टिंग के दौरान दोपहर में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार भी टाउनहाल पहुंचे और प्राचीन मूर्तियों की शिफ्टिंग पूरी सावधानी के साथ करने के निर्देश दिए।

पुरातत्व विभाग का जिला संग्रहालय टाउनहाल के सौंदर्यीकरण में बाधा बना हुआ है, जिससे शहर के इस ऐतिहासिक धरोहर का जीर्णोद्धार पूरी तरह से नहीं हो पाया है। टाउनहाल शहर की ऐतिहासिक धरोहरों में है और इसे स्मार्ट सिटी योजना में शामिल किया गया है।




### आधे हिस्से का काम बाकी

खंडहर की तरह पड़े पुरातत्व संग्रहालय वाले आधे हिस्से को छोड़कर बाकी काम पूरा हो गया है। इसके लिए यहां स्थित नगर निगम के सारे विभागों और जोन क्रमांक तीन के आफिस को विकास भवन, राघवेन्द्र हाल में शिफ्ट किया गया था। यहां खिड़की, दरवाजे नए लगाए गए हैं और पहले जो पीला रंग का भवन था उसे सफेद रंग में रंग-रोगन किया गया है। लेकिन इस भवन का आधा हिस्सा अभी भी खंडहर की तरह नजर आ रहा है, क्योंकि दूसरे हिस्से में पुरातत्व संग्रहालय टाऊनहाल के पूरे सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार कार्य में बाधा बना हुआ है। नगर निगम पुरातत्व विभाग के जिला संग्रहालय को अन्यत्र स्थानांतरित करवाने सालभर से प्रयास कर रहा है, उसके बाद भी अभी तक संग्रहालय कहीं दूसरी जगह शिफ्ट नहीं हुआ था।

### कोनी स्थित गुरुघासीदास यूनिवर्सिटी जाने वाली सड़क का मामला

# पोल हटाए बगैर ठेकेदार ने कर दिया सड़क का चौड़ीकरण, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंजीनियरिंग कालेज के साथ ही कोनी स्थित जीजीयू की मुख्य सड़क पर चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन इस दौरान गुणवत्ता के साथ ही लोगों की सहूलियत को भी दरकिनार कर दिया गया है।

ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से निर्माण कार्य को अंजाम देने के चलते सड़क चौड़ीकरण दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है, खास बात यह है कि सड़क पर पीडब्ल्यूडी का सबडिवीजन कार्यालय भी मौजूद है, लेकिन इसके बावजूद सड़क निर्माण को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। पीडब्ल्यूडी द्वारा इंजीनियरिंग कालेज और जीजीयू मुख्य सड़क पर चौड़ीकरण किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार्य आबंटन की अवधि समाप्त हो चुकी है, लेकिन इसके बाद हाल ही में चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया गया है। चौड़ीकरण से पहले बिजली के खंबों को हटाया जाना था, लेकिन साल भर बीतने के बाद भी पोल नहीं हटाए गए, वहीं नाली निर्माण के लिए भी गुणवत्ताविहीन किया गया है। वहीं सड़क पर चलने वालों की जान भी जोखिम में है, दरअसल चौड़ीकरण के बाद सड़क के 10 फीड पर खंबे दिखाई दे रहे है, वहीं यह सड़क जीजीयू जाने का मुख्य मार्ग होने से दुर्घटनाओं को निमंत्रण भी दे रहा है।


सेंट्रल यूनिवसिर्टी के सामने गलत तरीके से किया जा रहा नाला निर्माण।

### पीडब्ल्यूडी का है कार्यालय

खास बात यह है कि इसी सड़क पर पीडब्ल्यूडी का सबडिवीजन कार्यालय है, और इसी कार्यालय से निर्माण कार्य संचालित किया जा रहा है, लेकिन अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखने का समय नहीं है। चुनाव के चलते अधिकारियों को समय नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते ठेकेदार मनमाने तरीके से निर्माण कार्य को अंजाम दे रहा है।

### की जाएगी कार्रवाई

सड़क चौड़ीकरण से पहले खंबे हटाए जाते हैं, ठेकेदार की लापरवाही सामने आने पर उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-वाई के गोपाल,** एसई, पीडब्ल्यूडी

# तीन कोर्ट कमिश्नर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में फैली लापरवाही और मरीज की परेशानी को देखते हुए हाईकोर्ट के निर्देश पर 3 सदस्यीय कोर्ट कमिश्नर ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला अस्पताल और मातृ एवं शिशु अस्पताल के कुछ वार्ड और दस्तावेजों की जांच की है। आगामी दिनों में दोबारा जांच की जाएगी।

कुछ दिनों तक जिला अस्पताल में कैल्शियम और मल्टी विटामिन दवाओं की किल्लत हो चुकी थी, सीजीएमएससी द्वारा सप्लाई नहीं होने और जांच में लगातार जिला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर जिला अस्पताल प्रबंधन को ही आड़े हाथों लिया था, हाईकोर्ट ने कोर्ट कमिश्नरों को वस्तुस्थिति का जायजा लेकर कोर्ट के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही है, जिसके बाद शनिवार को दोपहर 12 बजे 3 सदस्य जिला अस्पताल पहुंचे। इस दौरान ओपीडी और वार्ड का दौरा किया, वहीं पैथोलैब और जांच सेंटर का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि तीन मंजिला इमारत के कई वार्ड और जांच सेंटर की बदहाली अभी कोर्ट कमिश्नरों के कैमरों से अछूती है ऐसे में दो दिन बाद एक बार फिर कमिश्नरों की टीम जिला अस्पताल पहुंचेगी और कोर्ट के लिए रिपोर्ट तैयार हो सकेगी।



### लामबंद हुए डाक्टर

कुछ दिन पहले लापरवाह डाक्टरों को सबक सिखाने की नियत से देर से आने वाले डाक्टरों के रजिस्टर में मार्किंग की गई और डाक्टरों का एक दिन का वेतन काट लिया गया। बताया जा रहा है कि कलेक्टर के आदेश के बाद सिविल सर्जन ने सभी का वेतन काटा है, लेकिन इसके बाद जिला अस्पताल के डाक्टर लामबंद हो चुके हैं और उन्होंने सिविल सर्जन से वेतन वापस करने की मांग की है, इसके लिए बकायदा पत्र भी लिखा गया है।

### नर्सों की लापरवाही से प्रसूता बाल-बाल बची

अस्पताल में डाक्टर से लेकर स्टाफ के बीच वचर्स्व की लड़ाई चल रही है। नर्सों की लापरवाही के कारण अचेत पैदा हुए नवजात को निजी अस्पताल मे भर्ती कराना पड़ा है। जिला अस्पताल में प्रसूता दिलेश्वरी को डाक्टर की अनदेखी और नर्सों की लापरवाही झेलनी पड़ी। 4 दिन तक दर्द से करहाती प्रसूता को आखिरकार आपरेशन कराना पड़ा और नवजात के होने के बाद भी उसका मुंह तक नहीं देख सकी। बच्चे की हालत नाजुक होने पर उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। प्रसुता दिलेश्वरी ने अपनी आप बीती का विडियो वायरल कर अपनी अवस्था के लिए मातृ शिशु अस्पताल को दोषी ठहराया है। बताया जा रहा है कि सिजेरियन में मिलने वाली राशि को लेकर डाक्टरों में अलग ही होड़ लगी हुई है, पिछले कई माह से यहां सीधे सिजेरियन डिलीवरी ही कराई जा रही है।

# लोकसभा चुनाव लड़ने वाले 12 प्रत्याशियों को कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

- नामांकन दाखिल करने के बाद पहला चुनावी व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी 37 प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने के बाद 25 अप्रैल को अपना चुनाव खर्च का पहला हिसाब जमा करना था, लेकिन 12 प्रत्याशियों द्वारा अपने चुनावी व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिस पर रिटर्निंग आफिसर कलेक्टर द्वारा इन 12 प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों में अपने चुनावी खर्च का हिसाब किताब जमा करना पड़ता है। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक पांच से भाजपा व कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक, क्षेत्रीय दलों एवं निर्दलियों मिलाकर 37 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इन प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल प्रक्रिया के बाद मतदान होने तक तीन बार निर्धारित तिथियों में चुनावी व्यय लेखा प्रस्तुत करना था। प्रथम चुनाव खर्च का हिसाब 25 अप्रैल को व्यय प्रेक्षक के उपस्थिति में प्रस्तुत करना था, लेकिन 37 में से 25 प्रत्याशियों की ओर से व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया है, जबकि 12 प्रत्याशियों ने अपना चुनाव खर्च का हिसाब ही नहीं दिया है।

### इन प्रत्याशियों ने प्रस्तुत नहीं किया व्यय लेखा

लोकसभा चुनाव लड़ने वाले जिन 12 प्रत्याशियों ने चुनावी खर्च का हिसाब जमा नहीं किया है, उनमें छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी के दीपमाला चौहान, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नंदकिशोर राज, प्रबुद्ध रिपब्लिकन पार्टी के भागवत पात्रे, शक्ति सेना के शैलेन्द्र बंजारे, निर्दलीय कुलेश कुमार साहू, निर्दलीय राजकुमार साहू, निर्दलीय राजेन्द्र कुमार टंडन, निर्दलीय रामेश्वर साहू, निर्दलीय रूपराम साहू, निर्दलीय रोशन कुमार, निर्दलीय सालिकराम जोगी, निर्दलीय संजयप्रकाश साहू का नाम शामिल है।

### चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में पुलिस टीम चोरों के पतासाजी में लगी हुई थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली दो युवक नगपुरा चौक में जेवर व मशीन बेचने के लिए ग्राहक खोज रहे हैं। टीआई भारती मरकाम, केशव मार्को, विरेन्द्र राजपूत ने चौक में घेराबंदी करते हुए गोपाल धूरी पिता सुंदर धूरी बन्नाकडीह, कन्हैया उर्फ बिल्लू दीवाकर पिता उमेन्द्र लहरे 20 साल रोहदी सारागांव जांजगीर निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने एक माह पहले बन्नाक चौक निवासी अमृत राव के सूने मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी के जेवर व मशीन बरामद की गई है। वहीं सोने के जेवर को साकिब उर्फ केपी दिल्ली वाले के पास बेचकर पैसा बांटकर खर्च कर देना बताया। पुलिस खरीददार की तलाश में लगी हुई है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक पर लोहे के औजार से हमला

**बिलासपुर।** पेट्रोल चोरी करते देख लेने से युवक पर लोहे के औजार से हमला कर चोर भाग गया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, करबाल कुम्हारपारा निवासी रवि श्रीवास्तव पिता राजेन्द्र बाबू श्रीवास्तव वीडियो मिक्सिंग का काम करते हैं। 24 अप्रैल की रात 1.20 बजे उनका भाई अरूण श्रीवास्तव लाइटिंग का सामान लेकर घर के पास आया। उसने देखा घर के पास खड़ी एक बाइक से युवक पेट्रोल चोरी कर रहा था। उसने चोरी करने से मना किया तो चोर गाली गलौज करते हुए लोहे के औजार से पीठ में हमला कर भाग गया। अरूण के शोर मचाने पर रवि घर के बाहर आए तो उनके भाई के पीठ में चोट के निशान थे और खून निकल रहा था। उन्होंने अपने बेटे के साथ घायल छोटे भाई अरूण को सिम्स में ले जाकर भर्ती कराया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# सागौन के प्लांटेशन में आग, दो घंटे बाद पहुंचे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेंदूपत्ता और महुआ बीनने के बहाने हरे भरे वन में आग लगाई जा रही है। शनिवार को यह घटना कोटा रेंज के नवागांव सलका में घटित हुई। सागौन के प्लांटेशन में अचानक आग लगने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया, ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी, करीब दो घंटे के बाद कर्मचारी पहुंचे और आग पर काबू पा लिया है।

कोटा वन विभाग रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवागांव सलका के फाटकपारा के पास लगे सागौन प्लांट के जंगल में आग लग गई, आग की लपटें उठने से हरे भरे जंगल के छोटे पौधे जलकर राख हो गए। खास बात यह है कि प्लांटेशन के लाखों रूपए के सागौन के पेड़ भी झुलस गए। करीब घंटे भर बाद ग्रामीणों ने वन कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद दो घंटे तक आग लगी रही और कर्मचारियों ने आकर जैसे तैसे आग पर काबू पा लिया। इस दौरान नजदीक ही किसान गणेश राम भानु पिता चमरू राम भानु उम्र 60 वर्ष नवागांव फाटकपारा निवासी के पैरावट में आग लग गई, जिसके कारण पैरा पूरी तरह से जल गया। वन अधिकारी अब किसान को हजार्ना देने से बच रहे हैं।



### रेंजर ने नहीं उठाया फोन

गर्मी के कारण कई बार ऐसी घटनाएं होती हैं, लेकिन जंगल की सुरक्षा को लेकर कर्मचारी और अधिकारी लगातार लापरवाही कर रहे हैं। आगजनी के बाद ग्रामीणों ने रेंजर रेंजर देवसिंह मरावी को फोन लगाया लेकिन उन्होंने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा। वहीं कहा जा रहा है कि तेंदुपत्ता और महुआ बीनने के लिए ग्रामीण स्वयं ही आग लगाते हैं, जिसके चलते ऐसी घटनाएं घटती हैं।

### वन विकास निगम ने लगाया है प्लांटेंशन

घटना के बाद वन विभाग और वन विकास निगम आमने सामने हो गए थे, आग कहां और क्यों लगी इस बारे में अधिकारी मथापच्ची करते रहे। दरअसल जिस जगह पर आगजनी हुई है, वह इलाका वन विकास निगम के अंतर्गत आता है और वहां सागौन का प्लांटेंशन भी किया गया है। वहीं ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर जंगल में जमीन हथिया ली है, जिससे अधिकारियों को ऐसी घटना की विवेचना करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### आग पर काबू पाया गया

करीब 1 बजे मुझे सूचना मिली थी, जिसके बाद कर्मचारियों को भेजकर आग पर काबू पा लिया गया है, प्लांटेंशन वन विकास निगम का है, ऐसे में वे ही इसकी सटीक जानकारी देंगे।

**-निश्चय शुक्ला,** एसडीओ, वन विभाग

### जानकारी नहीं मिली है

आगजनी की कोई सूचना मुझ तक नहीं आई है, कर्मचारियों से बात करनी होगी।

**-प्रमिला यादव,** मैनेजर, वन विकास निगम

### बिजली गुल आम बातः

सरकंडा क्षेत्र में इन दिनों बिजली गुल होना आम बात हो गई है। बिना आंधी तूफान के कभी भी बिजली गुल हो जाती है। ऐसे में भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो जाता है।




# पुलिस का डर दिखाकर 50 हजार रुपए वसूला



- मकान मालिक से विवाद होने पर जेल जाने का दिखाया था डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मकान मालिक से विवाद पर एक युवक से पुलिस का डर दिखाकर 50 हजार रुपए वसूली कर ली गई। पुलिस ने अवैध वसूली करने वाले वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, मसानगंज निवासी प्रथम सिंह डिजिटल मार्केटिंग का काम करते हैं। 25 अप्रैल को वे किराए का मकान खोजने के लिए अपने दीदी आकांक्षा के घर गए थे। इसी दौरान उनका आकांक्षा के मकान मालिक से विवाद हो गया। मकान मालिक ने फोन कर डायल 112 को बुला लिया। डायल 112 दोनों पक्ष को थाने लेकर चली गई। थाने में दोनों पक्षों को समझाइश देकर वापस भेज दिया। उस दौरान प्रथम सिंह के परिचित गुरविंदर पाल सिंह मौजूद था। थाने से लौटने के बाद गुरूविंदर पाल सिंह ने प्रथम सिंह को पुलिस का डर दिखाया और 6 माह जेल होने की बात कही। जेल जाने की बात से वह डर गया।

गुरविंदर सिंह ने पुलिसवालों को पैसा देकर समझौता कराने की बात कहते उससे 50 हजार रुपए ले लिया। उसके बाद फिर 30 हजार रुपए देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पीड़ित प्रथम सिंह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर गरविंदर पाल के खिलाफ धारा 384 के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।



